कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा।

विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या –02/2018/661/सात–न्याय–7–2018–47/2002 दिनांक 30.01.2018 एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र सं0–1324/एस0एल0एस0ए0–23/2016 दिनांकित 07.09.2020 में निर्गत निर्देशों के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के अन्तर्गत स्थायी लोक अदालत हेतु (जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त कर्मियों से) अधिकतम 02 वर्ष के लिए निर्धारित मानदेय पर निम्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है –

क0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	निर्धारित मासिक मानदेय
1	चपरासी	01	7000/– रू0

1. **नागरिकता –** आवेदक का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है।
2. **वांछनीय योग्यता –** जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त।
3. **उम्र –** 65 वर्ष से अधिक न हो।

उपरोक्त कर्मचारी का कार्यकाल 02 वर्ष या 65 वर्ष की आयु पूरी होने, जो भी पहले हो, तक के लिए होगा। इच्छुक योग्य अभ्यार्थी को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवीन ए0डी0आर0 भवन, (कलेक्ट्रेट, सी0एम0ओ0 कार्यालय के बगल में) महोबा में दिनांक 08.07.2021 को सांय 04:00 बजे तक जमा करना होगा। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अभ्यार्थी के साक्षात्कार के दिनांक, समय व स्थान की सूचना जनपद न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/mahoba में प्राप्त की जा सकती है।

संलग्नक – आवेदन का प्रारूप।

दिनांकः 08.06.2021

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महोबा।

प्रतिलिपि –

1. माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी, महोबा को सूचनार्थ एवं उक्त की सूचना कलेक्ट्रेट न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
3. जिला सूचना अधिकारी, महोबा को उक्त का निःशुल्क प्रकाशन अपने स्तर से समस्त समाचार पत्रों के माध्यम से न्यूज आइटम के तौर पर प्रसारित करने हेतु।
4. केन्द्रीय नाजिर को दीवानी न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. सिस्टम असिस्टेंट, जनपद न्यायालय महोबा को उपरोक्त सूचना को माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद नयायालय, महोबा की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

Anshuman 08/6/2021

दिनांकः 08.06.2021

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महोबा।